Bharat Temples

बाबा मुझे सपनो में,
खाटू में बुला लेना,
देखेगी ना झूठी दुनिया,
सीने से लगा लेना,
बाबा मुझें सपनो में,
खाटू में बुला लेना।।

तर्ज तेरे जैसा यार कहाँ।

तुमसे है प्यार बाबा,
दुनिया ये सह ना पाए,
तेरे बिना दिल मेरा,
एक पल भी रह ना पाए,
श्याम सुधा रस का,
जाम पिला देना,
बाबा मुझें सपनो में,
खाटू में बुला लेना।।

कुछ पल बिताऊं बाबा,
नज़दीक बैठ जाऊं,
नज़रें निहारें तुमको,
मैं गीत गुनगुनाऊँ,
हाथ ज़रा अपना,
सर पे फिरा देना,
बाबा मुझें सपनो में,

खाटू में बुला लेना।।

ये सिलसिला सांवरिया,
यूँ ही बनाए रखना,
तुमसे मिलूं हमेशा,
टूटे ना मेरा सपना,
सोनी बस लिखता रहे,
प्यार लुटा देना,
बाबा मुझें सपनो में,
खाटू में बुला लेना।।

बाबा मुझे सपनो में,
खाटू में बुला लेना,
देखेगी ना झूठी दुनिया,
सीने से लगा लेना,
बाबा मुझें सपनो में,
खाटू में बुला लेना।।

Singer and Upload By
आकांक्षा मित्तल
9837065099

Source:
https://www.bharattemples.com/baba-mujhe-sapno-me-khatu-me-bula-lena/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw